Downloaded from https:// www.studiestoday.com

1

# मेरी गुड़िया





गुड़िया की हैं आँखें भूरी
गुड़िया के हैं गोरे गाल,
पाँव लचीले दो लगाए
हाथ रँगीले चौड़ा भाल।

लाल–लाल दो छोटे होंठ
चुनरी पर है उसके गोट,
धरती पर जाती है लोट
लगती नहीं है उसको चोट।

क्या कहूँ उसकी लम्बी नाक
कान तक लटके लम्बे बाल,
सज धज कर लगती है प्यारी
मेरी गुड़िया सबसे न्यारी।

कविता में गुड़िया के कौन–कौन से अंगों के नाम आये हैं उन्हें लिखो।

______________________ ______________________

______________________ ______________________

______________________ ______________________

______________________ ______________________

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



क्या तुम बता सकते हो कि हमारे शरीर में इनके अलावा और कौन–कौन से अंग हैं? लिखो।

1. ________________ 5. ________________

2. ________________ 6. ________________

3. ________________ 7. ________________

4. ________________ 8. ________________

तुम सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक बहुत सारे काम करते हो? दिन भर में किए जाने वाले कुछ काम एवं काम किन अंगों की सहायता से करते हो, तालिका में लिखो।

| सरल क्रमांक | काम (कार्य) | किस अंग की सहायता से करते हैं ? |
|---|---|---|
| 1. | चलना | पैरों की सहायता से |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |
| 6. | | |
| 7. | | |
| 8. | | |

हमारा शरीर विभिन्न अंगों से मिलकर बना है। प्रत्येक अंग का अपना एक अलग महत्व है। हर अंग अलग–अलग काम करने में मदद करता है।

नीचे दी गई तालिका में कुछ काम लिखे गये हैं। अपने एक हाथ से इन कामों को करने की कोशिश करो और तालिका में (√) या (X) का निशान लगाओ।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| क्र. | काम | एक हाथ से कर सकते हैं | एक हाथ से नहीं कर सकते हैं |
|---|---|---|---|
| 1 | चुटकी बजाना | | |
| 2 | ताला लगाना | | |
| 3 | ताली बजाना | | |
| 4 | लिखना | | |
| 5 | चोटी बनाना | | |

कई काम ऐसे होते हैं जिनमें हमें एक साथ कई अंग काम में लेने पड़ते हैं। दो ऐसे काम लिखो जिन्हें करने के लिए हाथ के साथ–साथ पैर भी काम आते हैं।

————————————————————————————————

————————————————————————————————

DQ751A

## हमने क्या सीखा ?

### मौखिक

1. हमारे शरीर में कौन–कौन से अंग दो–दो हैं?
2. दर्जी, गाने वाला और शिक्षक अपना काम करते समय किन–किन अंगों का उपयोग करेंगे।

### लिखित

1. यदि जीभ एवं हाथ न हों तो क्या परेशानी होगी, लिखो।
2. नीचे दिए गए शब्दों में से जो शब्द अलग है उस पर गोला लगाओ और उससे जुड़े शरीर के अंग का नाम लिखो–

(i) खाना, पीना, बोलना, चलना ———— **पैर** ——————

(ii) चलना, सुनना, दौड़ना, कूदना ——————————

(iii) पकड़ना, लिखना, भागना, छूना ——————————

(iv) रोना, चबाना, देखना, घूरना ——————————

(v) कठोर, कोमल, गरम, देखना ——————————

## खोजो आस–पास

1. पता करो कि तैरने में हमारे कौन–कौन से अंगों का उपयोग होता है?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

DQ95ZD

2

# अलग–अलग पर हम सब एक जैसे

हम सभी के हाथ, पैर, मुँह, नाक आदि अंग होते हैं फिर भी हम एक–दूसरे से अलग दिखते हैं। हम एक–दूसरे को देखते ही पहचान लेते हैं। एक जैसे होते हुए भी हम एक–दूसरे से अलग कैसे हैं? आओ पता करें –

अपने दायें हाथ की हथेली को नीचे बनी खाली जगह में रखो और हथेली का चित्र बनाओ।

**दायीं हथेली**

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



अपनी हथेली के चित्र को अपने साथी की हथेली के चित्र से मिलाकर पता करो –

1. क्या दोनों की हथेली समान हैं?
   ———————————————
2. किसकी हथेली बड़ी है?
   ———————————————
3. किसके हाथों की उंगलियाँ छोटी हैं ?
   ———————————————
4. अपने दोनों हाथों की हथेलियों की रेखाएँ देखो, क्या ये रेखाएँ एक सी हैं ?
   ———————————————

अब चॉक की सहायता से जमीन पर अपने दायें पैर के पंजे का चित्र बनाओ। इस कार्य में आप अपने साथी की मदद ले सकते हो। उसी चित्र पर अपने साथी के दायें पैर के पंजे का चित्र भी बनाओ और देखो –

क्या दोनों के पंजे बराबर हैं? ———————————————

किसका पंजा लम्बा है? ———————————————

अपने दो साथियों के चेहरों को ध्यान से देखो –

क्या दोनों के चेहरे एक जैसे हैं?

———————————————

कक्षा के बाकी बच्चों के चेहरों को भी देखो –

किन–किन बच्चों के चेहरे गोल हैं?

———————————————

किन बच्चों के चेहरे लम्बे हैं?

———————————————

अपनी कक्षा के सबसे लम्बे एवं सबसे छोटे बच्चे का नाम लिखो –

किसका कद लम्बा है?

———————————————

किसका कद छोटा है?

———————————————

हम सभी के शरीर के अंग एक जैसे होते हुए भी आकार व बनावट आदि में अलग–अलग होते हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



हम सभी में कुछ खास बातें होती हैं जिनकी मदद से हम एक–दूसरे को पहचानते हैं। तुम्हारे दोस्तों में भी कुछ खास बातें होंगी जिनकी मदद से तुम उन्हें पहचानते होगे। यहां नीचे अपने 3 दोस्तों की खास–खास बातें लिखो।

दोस्तों के नाम लिखो

1. ———————— 2. ———————— 3. ————————

**पहला दोस्त** ————————————————————————

————————————————————————

————————————————————————

————————————————————————

**दूसरा दोस्त** ————————————————————————

————————————————————————

————————————————————————

————————————————————————

**तीसरा दोस्त** ————————————————————————

————————————————————————

————————————————————————

## हमने क्या सीखा

### मौखिक

1. तुम्हारे दोनों हाथों को मिलाकर कितनी उंगलियां और अंगूठे हैं?
2. तुम्हारी कक्षा के गोल चेहरे व लम्बे चेहरे वाले दो–दो छात्रों या छात्राओं के नाम बताओ।

### लिखित

1. तुम्हारी कक्षा के तुमसे लम्बे कद वाले चार लड़कों या लड़कियों के नाम लिखो।
2. अपने से छोटे कद वाले चार दोस्तों के नाम बताओ।
3. तुम्हारी कक्षा में तुम्हारे कद के लड़के–लड़कियों को ढूंढो और उनमें तुम्हें क्या अंतर दिखाई देता है।
   (रंग, मोटा–पतला, आवाज, बाल, लड़का, लड़की)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## खोजो आस–पास

### ध्यान से देखो और बताओ

यहाँ पर दो चित्र एक जैसे बने हुए हैं लेकिन दोनों चित्र में कुछ अंतर है, क्या तुम उन अंतरों को ढूंढ सकते हो। ढूंढकर बताओ।



DQG12X



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

DQI221

3

# मेरा परिवार



ये चित्र एक परिवार का है। क्या सभी परिवार ऐसे ही होते हैं? इस परिवार में माता–पिता और बच्चे हैं। आओ अब कुछ और परिवारों के बारे में जानें –

रमा कांकेर में रहती है। वह अपनी माँ, पिताजी, दादा, दादी, ताऊजी, चाचा, बुआजी और भाई के साथ रहती है। सबका खाना नीचे रसोई में एक साथ बनता है। सभी की कोशिश होती है कि सभी मिलकर खाना खाएँ।

रमा की माँ शाम को सब बच्चों को पढ़ाती है। घर के अन्य काम परिवार के सदस्य मिल–जुलकर करते हैं। अभी–अभी रमा के चाचा की शादी हुई है जिससे रमा के परिवार में एक नए सदस्य के रुप में चाची आ गई हैं। अगले माह बुआजी की शादी है, वह अपने ससुराल चली जाएगी। रमा के भाई की नौकरी पूना में लग गई है, अगले माह से भाई पूना रहने चला जाएगा।

लक्ष्मी अपनी माँ और नाना–नानी के साथ महासमुंद में रहती है। उसकी माँ का नाम मीनाक्षी है। मीनाक्षी ने शादी नहीं की है। उसने लक्ष्मी को गोद लिया है। मीनाक्षी शिक्षिका है। जब वह स्कूल जाती है तो लक्ष्मी की देखभाल उसके नाना–नानी करते हैं। वे ही उसे खाना खिलाते हैं और स्कूल के काम में उसकी मदद करते हैं। कभी–कभी लक्ष्मी के घर मामा–मामी और मौसा–मौसी के बच्चे भी आ जाते हैं। ये सब मिलकर खूब खेलते हैं और एक–दूसरे की मदद करते हैं।

अब तुम समझ गए होंगे कि परिवार क्या है? और सभी परिवार एक जैसे नहीं किन्तु अलग–अलग होते हैं। यहाँ रमा के परिवार को वंश वृक्ष द्वारा दर्शाया गया है –

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com






चलो अब तुम भी अपने परिवार का वंश वृक्ष अपनी कॉपी में बनाओ। इसके लिए किसी बड़े की मदद लो।

दिए गए वाक्यों को पढ़ो और जो सही है उस पर (3) का निशान लगाओ।

आमतौर पर एक परिवार के लोग आपस में एक–दूसरे जैसे दिखते हैं।

परिवार के लोगों का आपस में बहुत प्यार होता है।

एक परिवार में जन्म होने या शादी होने से हम उस परिवार का हिस्सा हो जाते हैं।

परिवार में बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल होती है।

परिवार में सदस्यों का आपस में झगड़ा हो तो भी प्यार बना रहता है।

1. तुम्हारे परिवार में कौन–कौन हैं? उनके नाम और उनका तुमसे क्या रिश्ता है? लिखो।

| **नाम** | **तुमसे रिश्ता** | **नाम** | **तुमसे रिश्ता** |
|---|---|---|---|
| राशि | बहन | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



2. अपने परिवार के सदस्यों के गुण लिखो?

| क्र. | सदस्य | गुण |
|---|---|---|
| 1. | माँ | कम्प्यूटर में सभी प्रकार के काम कर लेती हैं। |

3. परिवार में सभी सदस्य मिल–जुलकर काम करते हैं। तुम अपने परिवार के सदस्यों के कामों में किस तरह मदद करते हो? लिखो?

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

4. क्या तुम्हारे घर में सब एक साथ खाना खाते हैं? यदि नहीं तो क्यों?

.......................................................................................................

.......................................................................................................

5. सबसे आखिर में खाना कौन खाता है?

.......................................................................................................

.......................................................................................................

6. खाना बनाने में कौन मदद नहीं करता और क्यों?

.......................................................................................................

.......................................................................................................

7. हम परिवार में एक–दूसरे से बहुत कुछ सीखते हैं। नंदनी ने अपने चाचा से साइकिल चलाना सीखा। तुमने भी अपने परिवार से बहुत कुछ सीखा है क्या और किससे? क्या किसी को तुमने भी कुछ सिखाया है?

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



8. नीचे कुछ बातें लिखी गई हैं। इनके बारे में सोचो और लिखो? जैसे –
जब मैं उदास हो जाती हूँ तब मैं ......................... के पास जाती हूँ।
जब मुझसे कोई गलती हो जाती है तो मैं ................. के पास जाती हूँ।
मैं कोई खुशखबरी सबसे पहले ...................... को सुनाती हूँ।
ऐसी और भी बातें अपनी कॉपी में लिखें।
9. रमा अपने दादा–दादी को जोर–जोर से समाचार–पत्र पढ़ कर सुनाती हैं। तुम अपने परिवार के बुजुर्गों की कैसे मदद करते हो?

## हमने क्या सीखा

### मौखिक

1. तुम अपने परिवार के छोटे सदस्यों की मदद कैसे करते हो?
2. क्या तुम्हारा परिवार कोई काम–धंधा करता है? यदि हाँ तो क्या?
3. इस काम तुम क्या मदद करते हो।

### लिखित

1. इस तालिका में रिश्ते (माता, पिता, भाई, बहन, चाचा, चाची, ताऊ, ताई, दादा, दादी) ढूँढे एवं उन पर गोला लगाओ –

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ल | पि | ब | पो | चा | ची |
| मा | ता | ह | ता | ड | दा |
| ता | ख | न | मा | मी | दा |
| ध | ता | ऊ | ता | ई | सु |
| भा | ई | न | चा | अ | ग |
| छ | ख | ज | चा | दा | दी |

2. क्या तुम्हारे परिवार के अपने कुछ रिवाज हैं? यदि हाँ तो कौन–कौन से?
3. क्या तुम्हारे परिवार में किसी की कोई खास आदत है, जैसे – जोर से हँसना, मजाक करना लिखो।

## खोजो आस–पास

एक परिवार में किन–किन कारणों से बदलाव आते हैं ? अपने आस–पास पता कर अपने कक्षा में इस पर बातें करें। मुख्य बातों को कॉपी में लिखो।

DQPH4K

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

DQRX3N

# 4

# जीव–जन्तु कैसे–कैसे?

हमारे आस–पास कई तरह के जीव–जन्तु रहते हैं। खेलते समय या शाला जाते–आते समय तुमने बहुत सारे जीव–जन्तुओं को देखा भी होगा। उनके नाम लिखो–

——————————— ———————————

——————————— ———————————

——————————— ———————————

——————————— ———————————

——————————— ———————————

——————————— ———————————

ये एक जगह से दूसरी जगह कैसे जाते हैं? छाँटकर सही खाने में नाम लिखो–

| क्र. | तैरकर | चलकर | उड़कर | फुदककर | रेंगकर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |
| 4. | | | | | |
| 5. | | | | | |
| 6. | | | | | |
| 7. | | | | | |

हर जीव–जन्तु के शरीर की बनावट अलग–अलग होती है और उनका खाना भी अलग–अलग होता है।

आगे दी गई तालिका को भरने की कोशिश करो। यदि न भर पाओ तो अपने गुरुजी की मदद ले सकते हो।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| नाम | कितनी टाँगे हैं | क्या खाते हैं |
|---|---|---|
| तितली | 6 | फूलों का रस |
| मेंढ़क | | |
| चिड़िया | | |
| छिपकली | | |
| गाय | | |
| चूहा | | |

तितली रानी, तितली रानी,
रंग–बिरंगे पंखों वाली।
फूल–फूल पर डोल रही है,
देखो होकर के मतवाली।



तुम भी अपनी पसंद के किसी जीव–जन्तु पर एक कविता लिखो एवं उससे संबंधित चित्र ढूंढो और चिपकाओ –

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





मछली का शरीर आगे और पीछे से नुकीला और बीच से चौड़ा होता है। शरीर की यह बनावट, पंख और पूँछ तैरने में उसकी मदद करते हैं।

तुमने बहुत सारे जीव–जन्तुओं को देखा है। किसी एक के बारे में 4 वाक्य लिखो।

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

________________________________________________________________

सभी जीव–जन्तुओं के शरीर अलग–अलग तरह के होते हैं। किसी के सींग होते हैं, किसी के नहीं। किसी के कान होते हैं, किसी के नहीं।

तालिका में दिए गए अंगों के नाम के आगे उन जन्तुओं के नाम लिखो जिनमें वह अंग पाया जाता है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| अंग | जंतु का नाम |
|---|---|
| पंजे | |
| सूंड | |
| पूँछ | |
| चोंच | |
| पंख | |
| टाँग | |
| सींग | |

ऐसे दो जंतुओं के नाम लिखो जिनकी टाँगें नहीं होती हैं।

निम्नलिखित आवाजों को पहचानकर उनके सामने उस जन्तु के नाम लिखें जो यह आवाज निकालता है –

| आवाज | जीवों के नाम |
|---|---|
| म्याऊँ – म्याऊँ | |
| काँव – काँव | |
| चीं –चीं | |
| भौं – भौं | |
| कूकड़ूँ – कूँ | |

इसी तरह और भी अन्य जीव–जन्तुओं के आवाजों की सूची बनाइए।

## हमने क्या सीखा ?

### मौखिक

नाम बताओ –

1. तैरने वाले दो जीव 2. उड़ने वाले दो जीव 3. फुदकने वाले दो जीव

### लिखित

1. मछली का शरीर कैसा होता है?
2. चिड़िया चोंच से क्या करती है?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मिलान करो –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | हाथी | लाल चोंच |
| 2. | ऊँट | कलगी |
| 3. | तोता | कूबड़ |
| 4. | मुर्गा | सूँड |

कौन क्या खाता है ? उसे लाइन खींचकर मिलाओ। एक उदाहरण दिया है –




DR1T5B

## खोजो आस–पास

इन जन्तुओं की सूची बनाओ –

1. अण्डे देने वाले  2. बच्चे देने वाले

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# 5

# पप्पू जी के खिलौने

DRAP6Y

पप्पू जी के कई खिलौने,
हाथी ऊँट और मृग छौने।
गुड़िया, बुढ़िया, भालू, बंदर,
अच्छे–अच्छे सुन्दर–सुन्दर।
गए एक दिन वह चिड़ियाघर,
देखे हाथी, भालू, बन्दर।



उन्हें देखकर वह चकराया,
सहमे सहमे घर को आया।
देखा, चुप–चुप पड़े खिलौने,
लगे, उसे वे छोटे, बौने।
लेकिन मन में लगा सोचने,
अगर चलने लगे खिलौने।



फिर क्या हो? डर के मारे,
छुप कर बैठे रहे बेचारे।
सोचा हाथी अभी उठेगा,
ऊँट अभी, बस करवट लेगा।
बीत गया यों समय बहुत पर,
उठा न कोई करवट लेकर।

बड़े हुए जब नहीं खिलौने,
हुए नहीं वे दुगुने तिगुने।
पप्पू जी का डर तब भागा,
जब उनमें कुछ साहस जागा।
फिर उन सबको वे लेकर बैठे,
सबके कान पकड़कर ऐंठे।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



1. पप्पू जी के खिलौनों की सूची बनाओ।

1. ____________________ 4. ____________________

2. ____________________ 5. ____________________

3. ____________________ 6. ____________________

2. पप्पू जी ने चिड़ियाघर में क्या–क्या देखा?

____________ ____________ ____________

पप्पू जी के खिलौने जो काम कर सकते हैं उसके आगे सही (√) का और जो नहीं कर सकते हैं उसके आगे गलत ( **X** ) का निशान बनाओ –

1. उठते बैठते हैं। ( )
2. स्वयं चल फिर सकते हैं। ( )
3. खाना खाते हैं। ( )
4. साँस लेते हैं। ( )
5. बोलते हैं। ( )

तुमने अपने आस–पास पाये जाने वाले जानवरों को क्या–क्या करते देखा है?

| क्र. | नाम | जानवर क्या कर रहा था? |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |
| 6. | | |

बन्दर, हाथी, गाय, भैंस, नीम का पेड़, टमाटर का पौधा आदि जीवित हैं।

नीचे कुछ चीजों के नाम दिए गए हैं उन्हें छाँटकर तालिका में लिखो।

घर, मुर्गी, गाय, कुर्सी, पत्थर, खरगोश, कार, छोटा बच्चा, गुलाब का पौधा, पेंसिल, शेर, बस्ता, पेड़, कलम, बन्दर, तोता, भैंस, नाव

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| क्र. | जीवित | क्र. | जीवित नहीं |
|---|---|---|---|
| 1. | | 1. | |
| 2. | | 2. | |
| 3. | | 3. | |
| 4. | | 4. | |
| 5. | | 5. | |
| 6. | | 6. | |

## हमने क्या सीखा ?

### मौखिक

1. जंतु और पौधे में दो अंतर बताओ।
2. जानवरों की ऐसी दो बातें बताओ जो उन जानवरों के खिलौनों में नहीं होती है?

### लिखित

1. जो सबसे अलग है उसे छाँटकर सामने वाले डब्बों में लिखो –

(अ) जूता, पर्स, पैंसिल, बिल्ली, खाट
(इनमें से कौन बोलता?)

(ब) कौआ, मोर, पेड़ और तोता
(कौन एक जगह ही खड़ा होता?)

(स) पेड़, कापी, गधा और चीता
(कौन नहीं जो कद में बढ़ता?)

DRJK8L

## खोजो आस–पास

1. एक चार्ट पर पाँच सजीव (जीवित) और पाँच निर्जीव (जीवित नहीं )के चित्र काट कर चिपकाओ।
2. किसी बुजुर्ग से पता करें क्या कोई ऐसे पेड़ पौधे हैं, जो उस समय होते थे जब वे छोटे थे, लेकिन अब वे दिखाई नहीं देते ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

DRTGA9

6

# सर्दी, गर्मी और बरसात

साल भर में कभी तो खूब गर्मी होती है, इतनी धूप कि घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। कभी इतनी सर्दी होती है कि बदन काँपने लगता है। कभी बरसात होती है तो सब तरफ गीला–गीला हो जाता है।

तुम्हें इनमें से कौन से मौसम के दिन सबसे अच्छे लगते हैं। गर्मी के दिन/बरसात के दिन/सर्दी के दिन ——————————

सोचकर बताओ कि ये दिन तुम्हें अच्छे क्यों लगते हैं? ————————

————————————————————————————

————————————————————————————

बरसात के दिनों में हमारे दैनिक जीवन में बहुत कुछ बदल जाता है। लोग छाते, पॉलिथीन की बरसाती (रेनकोट) साथ लेकर चलते हैं। बहुत से काम इन्हीं दिनों (मौसम में) में किए जाते हैं, जैसे खेतों में फसलों की बुवाई।





Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बरसात के चित्र में तुम्हें कौनसी खास बात दिख रही है?

____________________________________________

____________________________________________

बारिश के दिनों में तुम्हारे घर में क्या–क्या होता है?

____________________________________________

____________________________________________

इन दिनों तुम्हारे गाँव/शहर में क्या–क्या होता है?

____________________________________________

____________________________________________

बारिश के समय में तुम्हारा मोहल्ला या गाँव कैसा दिखता है? अपनी कॉपी में इसका चित्र बनाओ।

दिए गए चित्रों को ध्यान से देखकर अगले पन्ने पर दी गई बातों के बारे में लिखो–



चित्र 1 चित्र 2 चित्र 3

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



चित्र 1 में क्या–क्या हो रहा है? यह चित्र किस मौसम का है?

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

चित्र 2 में क्या–क्या हो रहा हैं? यह चित्र किस मौसम से सम्बंधित है?

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

चित्र 3 में क्या हो रहा है? यह चित्र किस मौसम का है?

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

## मौसम के अनुसार खाने–पीने की कुछ बातें

कुछ फल सर्दी में ही पैदा होते हैं, कुछ गर्मी में और कुछ बरसात में। इसी तरह सब्जियाँ भी मौसम के अनुसार उगाई जाती हैं। अतः मौसम के अनुसार बाजार में कुछ सब्जियों और फलों की अधिकता होती है।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



चित्र में दिए गए इन फलों और सब्जियों को पहचानो और सोचो कि ये किन–किन मौसम में होते हैं? मौसम के अनुसार नीचे दी गई तालिका में इनके नाम लिखो। इनके अलावा जिन फलों और सब्जियों के बारे में तुम जानते हो, उनके नाम भी इस तालिका में भरो –

| क्र. | गर्मी में | बरसात में | सर्दी में | हर मौसम में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |
| 5. | | | | |
| 6. | | | | |
| 7. | | | | |

## कुछ और बातें

रेहाना और नीता ने एक कविता बनाई जो इस प्रकार है–

वर्षा आती पानी लाती,
धरती हरी–भरी हो जाती।
खुश हो जाते सभी किसान,
खेतों में लहराता धान।
पकता धान दिवाली आती,
खूब सब्जियाँ ठंड खिलाती।
स्वेटर पहनें तापें आग,
गाँव–गाँव में होती फाग।
फिर आते गर्मी के दिन,
मिले चैन न पानी बिन।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



इस कविता में बारिश, गर्मी और सर्दी के मौसम के बारे में क्या–क्या बातें बताई गई हैं। उन्हें अपने शब्दों में लिखो–

बरसात ——————————————————————————

सर्दी ——————————————————————————

गर्मी ——————————————————————————

अब तुम भी अपने साथियों के साथ मिलकर गर्मी, सर्दी व बारिश के बारे में अपनी मर्जी की कुछ बातें लिखो–

——————————————————————————————

——————————————————————————————

——————————————————————————————

## हमने क्या सीखा ?

### मौखिक

1. छाते का उपयोग तुम किस–किस मौसम में करते हो?
2. गर्मी के मौसम में तुम क्या–क्या खाना पसंद करोगे ?
3. गेहूँ की फसल किस मौसम में बोई जाती है?

### लिखित

नीचे दी गई बातें किस–किस मौसम (सर्दी/गर्मी/बरसात) में होती है? खाली जगह में मौसम के नाम लिखो।

1. मेंढक टर्राना शुरू कर देते हैं ——————————————
2. पतले कपड़े पहनते हैं ——————————————
3. धान की बुवाई करते हैं ——————————————
4. जामुन खाते हैं ——————————————
5. सब जगह हरियाली हो जाती है ——————————————
6. स्वेटर पहनते हैं ——————————————
7. ठंडा शर्बत पीते हैं ——————————————
8. धूप सेंकते हैं ——————————————
9. आम खाते हैं ——————————————
10. रजाई ओढ़ते हैं ——————————————

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## खोजो आस–पास

1. पता करो और सर्दी, गर्मी और बारिश में आने वाले त्यौहारों का चार्ट बनाओ।
2. बरसात के मौसम में तुम भी अपने साथियों के साथ शाला के परिसर में, घर के आस–पास पौधे लगाओ और उनकी देखभाल करो।
3. रीता के घर पर खाने की चीजों को लम्बे समय तक सुरक्षित रखने के लिए सूखा कर, नमक डालकर, अचार बनाकर जैसे तरीकों का उपयोग किया जाता है।

   पता करो आपके आस–पास के लोग खाने–पीने की चीजों को लम्बे समय तक सुरक्षित रखने के लिए कौन–कौन से तरीके अपनाते हैं। इसकी चर्चा अपनी कक्षा में भी करो।

DS3CBH

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

DSC8DJ

# 7

# क्या किससे बना

तुम पढ़ते एवं खेलते समय कई वस्तुओं का उपयोग करते हो। नीचे दी गई सूची में इनके नाम लिखो –

| पढ़ने के समय उपयोग में आने वाली वस्तुएँ | खेलने के समय उपयोग में आने वाली वस्तुएँ |
|---|---|
| 1. | 1. |
| 2. | 2. |
| 3. | 3. |
| 4. | 4. |
| 5. | 5. |



क्या तुम्हें पता है कि ये सभी वस्तुएँ किन–किन चीजों से बनी हैं? जैसे पेन्सिल बनी है, लकड़ी और ग्रेफाईट की लीड से, किताब बनी है, कागज से। ऐसे ही बाकी चीज़ों के बारे में भी सोचो।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



आपस में व शिक्षक से चर्चा करके नीचे दी गई तालिका भरो :

| क्रमांक | वस्तु का नाम | जिन से बनी है। |
|---|---|---|
| 1. | पेन्सिल | लकड़ी, ग्रेफाईट की लीड |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |
| 6. | | |
| 7. | | |
| 8. | | |

**यह भी करो**

नीचे दिए गए चित्रों को देखो और अगले पन्ने पर बनी तालिका में छाँटकर लिखो–



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| क्र. | लकड़ी से बनी चीजें | धातु से बनी चीजें | प्लास्टिक से बनी चीजें | कागज से बनी चीजें |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |

## रसोई का सामान



खाने–पीने की वस्तुएँ रखने तथा परोसने के लिए हम अलग–अलग प्रकार के बर्तनों का उपयोग करते हैं। उन बर्तनों के नाम नीचे दी गई सूची में लिखो।

| तरल पदार्थ रखने के काम आने वाले बर्तन का नाम | | खाना बनाने के काम आने वाले बर्तन का नाम | |
|---|---|---|---|
| ————————— | ————————— | ————————— | ————————— |
| ————————— | ————————— | ————————— | ————————— |
| ————————— | ————————— | ————————— | ————————— |
| ————————— | ————————— | ————————— | ————————— |

यह सभी किस–किस से बने हैं? आस–पास की और वस्तुएँ ऐसी भी होती हैं जो एक से अधिक चीजों से बनी होती हैं।

आगे सूची में चीजों के नाम दिए गए हैं उन्हें बनाने में एक से अधिक चीजें लगी हैं। उनके नाम सूची में भरो –

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



| नाम | किन–किन चीजों से बनी है | | |
|---|---|---|---|
| 1. बैलगाड़ी | ————— | ————— | ————— |
| 2. घर | ————— | ————— | ————— |
| 3. सड़क | ————— | ————— | ————— |

## प्रकृति से

हम प्रतिदिन जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं उनमें से बहुत सी वस्तुएँ हमें सीधे प्रकृति से प्राप्त होती हैं। इनका हम ऐसे ही उपयोग कर लेते हैं। इनके अलावा ऐसी बहुत सी चीजें हैं जो हमें प्रकृति से वैसे की वैसे नहीं मिलती। जैसे पेन्सिल, कुर्सी, कटोरी... आदि। नीचे दी गई सूची में प्रकृति से प्राप्त व हमारे द्वारा बनाई गई वस्तुओं के नाम लिखो–

| प्रकृति से प्राप्त | | मानव द्वारा निर्मित | |
|---|---|---|---|
| 1. | मिट्टी | 1. | पेन्सिल |
| 2. | ————— | 2. | ————— |
| 3. | ————— | 3. | ————— |
| 4. | ————— | 4. | ————— |
| 5. | ————— | 5. | ————— |
| 6. | ————— | 6. | ————— |

हम खाने–पीने की वस्तुओं के अलावा प्रकृति से हवा, जल, मिट्टी, जीव–जन्तु, खनिज व ईंधन आदि प्राप्त करते हैं। इनको हम प्राकृतिक संसाधन कहते हैं।

## हमने क्या सीखा ?

### मौखिक

1. यदि हवा, पानी, पेड़ पौधे न हों तो क्या होगा?
2. पहले कोयले का उपयोग रेलगाड़ी के इंजन को चलाने में होता था। अब आम तौर पर नहीं होता क्यों ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## लिखित

1. पेड़–पौधों से हमें क्या–क्या मिलता है?
2. कपड़ों में लगे धागे हमें किस–किस से प्राप्त होते हैं? अपने शिक्षक से पूछकर पता करो।
3. आने–जाने के लिये किन–किन साधनों का प्रयोग करते हैं?
4. जमीन के अंदर से, हमें क्या–क्या प्राप्त होता है?

नीचे कुछ प्राकृतिक संसाधनों के नाम दिए हैं, उनका हमारे दैनिक जीवन में क्या उपयोग है?

### हवा

1. ––––––––––––––––––––
2. ––––––––––––––––––––

### पानी

1. ––––––––––––––––––––
2. ––––––––––––––––––––

### मिट्टी

1. ––––––––––––––––––––
2. ––––––––––––––––––––

### जीव जन्तु

1. ––––––––––––––––––––
2. ––––––––––––––––––––

DSL4F7

## खोजो आस–पास

अपने आस–पास प्रकृति से मिलने वाली चीजों का संग्रह करो और उनसे अपनी कक्षा को सजाओ।

●●●

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# 8

# बगिया



तुमने अपने घर के आस–पास, गाँव में या किसी बाग–बगीचे में कई तरह के पेड़–पौधों को देखा होगा। उन पेड़–पौधों के नाम लिखो। अगर नाम नहीं जानते हो तो किसी से पूछ भी सकते हो।

1. ——————————　　5. ——————————

2. ——————————　　6. ——————————

3. ——————————　　7. ——————————

4. ——————————　　8. ——————————

**इस सूची में से इन्हें छाँटो –**

1. दो पेड़ जो बहुत बड़े होते हैं ————— —————
2. दो पेड़ या पौधे जिनके फल खाते हैं ————— —————
3. दो पेड़ या पौधे जिनकी पत्तियाँ बड़ी होती हैं ————— —————
4. दो पेड़ या पौधे जिनमें काँटे लगे होते हैं ————— —————

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## सोचो और लिखो

पेड़–पौधे हमारे क्या–क्या काम आते हैं?

1. ________________ 3. ________________

2. ________________ 4. ________________

पेड़–पौधों से हमें शुद्ध हवा मिलती है। इनसे हमें पत्तियाँ, फल, फूल, औषधियाँ, लकड़ी, छाया एवं अन्य उपयोगी चीजें भी मिलती हैं। कई सारे जीव–जन्तु भी इन पेड़–पौधों की पत्तियों को खाते हैं। और कई सारे जीव–जन्तु तो पेड़–पौधों पर ही रहते हैं।

पांच ऐसे जंतुओं के नाम बताओ जो पेड़–पौधो की पत्तियाँ, फल, फूल खाते हैं।

______________________________________________

______________________________________________

दो ऐसे जंतुओं के नाम बताओ जो पेड़–पौधों पर रहते हैं ?

______________________________________________

______________________________________________

## खोजें

किन्हीं तीन फूलों एवं किन्हीं तीन पत्तियों के नाम लिखो, जिनकी गंध तुम्हें अच्छी लगती है –

| फूलों के नाम | पत्तियों के नाम |
|---|---|
| | |

अपने आस–पास पाए जाने वाले पेड़–पौधों की छालों का अवलोकन करो और नीचे दी गई सारणी को भरो –

| छाल का प्रकार | पेड़–पौधे के नाम |
|---|---|
| 1. चिकनी छाल वाले पेड़ | |
| 2. खुरदुरी छाल वाले पेड़ | |
| 3. मोटी छाल वाले पेड़ | |
| 4. पतली छाल वाले पेड़ | |
| 5. भूरे छाल वाले पेड़ | |
| 6. काले रंग की छाल वाले पेड़ | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



पेड़—पौधे हमारे लिए बहुत उपयोगी हैं और इनकी सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। अपने आसपास के पेड़ों के बारे में पता करो कि उनको किसने लगाया था। तुम्हारे गाँव या शहर में जो लोग पेड़—पौधे लगाते हैं, उनसे पूछो कि उनकी देख—भाल वे कैसे करते हैं? लिखो—

———————————————————————————

———————————————————————————

———————————————————————————

**आओ हम सब पेड़ लगाएँ, पेड़ों को हम सभी बचाएँ।**
**पेड़ों को न कटने दे, हरियाली न हटने दें।**

## हमने क्या सीखा ?

### मौखिक

1. हम जिनकी पत्तियाँ खाते हैं ऐसे दो पौधों के नाम बताओ।
2. नीम के पेड़ के दो उपयोग बताओ।
3. फूल वाले दो पौधों के नाम बताओ।

### लिखित

1. पेड़ों के कोई चार उपयोग लिखो।
2. जीव—जन्तुओं के लिए पेड़—पौधों का क्या उपयोग है?

## खोजो आस—पास

1. अपनी शाला में सभी साथी मिलकर एक बगिया बनाओ और उसकी देखभाल करो।
2. एक पेड़ का चित्र बनाकर रंग भरो।

DT4VIH

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

DTDRK5

# 9

# मिट्‌टी

यदि हम अपने आस–पास चारों ओर देखें तो हमें मिट्‌टी ही मिट्‌टी दिखाई देती है। पेड़–पौधे और फसलें आदि मिट्‌टी में ही उगाई जाती हैं। मिट्‌टी से अलग–अलग प्रकार के बर्तन भी बनाये जाते हैं। चलो, अब हम मिट्‌टी के बारे में कुछ और पता करें।

बताओ –

1. मटका किससे बनता है?
2. ईंट किससे बनती है?
3. कच्चे मकान किन चीजों से बनते हैं?







Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ये सब कैसे बनते हैं आओ देखें

क्या सारी मिट्टियाँ एक जैसी होती हैं?

इस बात का पता करने के लिए तुम सब मिलकर एक काम करो –

अलग–अलग टोली बनाकर अपने शिक्षक के साथ किसी तालाब, खेत, बगीचे, मैदान, नदी और सड़क की ओर जाओ। जाने से पहले हर टोली वाले दो–तीन कपड़े, जूट या अखबार की बनी थैलियाँ अपने साथ जरूर ले जाएँ। अलग–अलग जगह से मिट्टी के नमूनों को इकट्ठा करो। वापस कक्षा में लौटकर मिट्टी के इन नमूनों को देखकर मिट्टी के रंग व उसके दूसरे गुणों को पहचानकर उन्हें नीचे दी गई तालिका में भरो।

| स्थान का नाम | छूकर देखने पर | | | मिट्टी का रंग |
|---|---|---|---|---|
| | खुरदरी | चिकनी | रेतीली | |
| खेत/बगीचा | | | | |
| मैदान | | | | |
| तालाब | | | | |
| नदी | | | | |
| सड़क | | | | |

**आओ कुछ प्रयोग करके देखें–**

कांच का एक गिलास लो। उसमें आधे से अधिक पानी भर दो। अब गिलास में इकट्ठी की गई मिट्टी डालो और घोलकर रख दो। कुछ समय (लगभग 20 मिनट) बाद उसे **देखो और बताओ –**



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



1. गिलास में मिट्टी की कितनी परतें दिखाई दे रही हैं?
2. सबसे नीचे की परत में मिट्टी के कणों का आकार कैसा है?
3. पानी का रंग कैसा हो गया है?

इन बातों से यह पता चलता है कि मिट्टी कई परतों से मिलकर बनी है।
मिट्टी में कई जीव–जन्तु रहते हैं। क्या तुम्हें मिट्टी में रहने वाले जीव–जन्तुओं के नाम मालूम हैं? उनके नाम लिखो।

1. ——————————————
2. ——————————————
3. ——————————————
4. ——————————————

## आओ करके देखें

1. एक कागज पर थोड़ी सूखी बारीक मिट्टी लो ओर उसे धीरे से फूँक मार कर देखो – क्या हुआ? ——————————————————————————
2. थोड़ी मिट्टी नीचे रखकर उस पर एक गिलास पानी डालो। क्या हुआ ? ——————————————————————————

तेज हवा मिट्टी की ऊपरी परत को उड़ा देती है। तेज पानी का बहाव भी मिट्टी की ऊपरी परत को बहाकर ले जाता है। पेड़–पौधे लगाकर मिट्टी को बहने व उड़ने से बचाया जा सकता है।

हम कुछ त्यौहारों के अवसर पर मिट्टी से बने कुछ सामान का उपयोग करते हैं। इन सामानों के नाम नीचे दी गई तालिका में लिखो :–

| क्र. | त्यौहारों के नाम | मिट्टी के बने सामान |
|---|---|---|
| 1. | दीपावली | |
| 2. | पोला | |
| 3. | अक्ति / अक्षय तृतीया | |
| 4. | नवरात्रि | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



अब तुम तीन–चार टोलियों में बंटकर गीली मिट्टी के कुछ खिलौने बनाओ और नीचे दी गई तालिका में उनके नाम लिखो –

| क्र. | खिलौनों के नाम | क्र. | खिलौनों के नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | | 5. | |
| 2. | | 6. | |
| 3. | | 7. | |
| 4. | | 8. | |

मिट्टी को बनने में बहुत वर्ष लगते हैं।
अतः हमें उसका बचाव करना चाहिए।

## हमने क्या सीखा ?

### मौखिक

1. कुम्हार मिट्टी से कौन–कौन से बर्तन बनाता है?
2. मिट्टी में कौन–कौन से जन्तु अपना घर बनाते हैं?
3. पोला त्यौहार में मिट्टी के कौन–कौन से खिलौने बाजार में मिलते हैं?

DTHMLS

### लिखित

1. मिट्टी के क्या–क्या उपयोग हैं? लिखो।
2. दीपावली के त्यौहार पर मिट्टी से बनी कौन–कौन सी चीजों का उपयोग करते हैं? दो चीजों के नाम बताओ।
3. सही जोड़े बनाओ –

| | |
|---|---|
| मिट्टी के घड़े | लाल मिट्टी |
| मुरूम | मिट्टी |
| दीपावली | कुम्हार |
| केंचुआ | मिट्टी के दीये |

## खोजो आस–पास

1. मिट्टी के दो खिलौने बनाकर उन्हें रंगों से सजाओ।
2. तुम्हारे घर में मिट्टी से बने कौन–कौन से सामान हैं? उनके नाम लिखो।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

DTHINF

# 10

# हवा



आँखों से मैं दिखाई न देती,
मन मर्जी से चलती रहती।
सर–सर की आवाज़ में करती,
फर–फर सी मैं बहती रहती।
किसी की पकड़ में कभी न आती,
गीले कपड़े तुरन्त मैं सुखाती।
मैं न रहूँ तो कोई जीव न रहे
कौन सबसे पहले मेरा नाम कहे?

अपने आस–पास की हिलती हुई चीजों को देखकर हमें हवा का आभास होता है। ऐसी कोई तीन बातें लिखो, जिससे हवा का पता चलता है।

1. ——————————————————————

2. ——————————————————————

3. ——————————————————————

## आओ कुछ प्रयोग करें

एक खाली गिलास लें। गिलास के अंदर एक कागज को गुड़ीमुड़ी करके इस प्रकार लगाएँ कि गिलास को उल्टा करने पर भी कागज नीचे न गिरे।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



अब इस गिलास को उल्टा कर, पानी से भरी बाल्टी में पूरी तली में जाने तक डुबाएँ। पुनः गिलास को उसी स्थिति में बाहर निकाल कर अंदर रखे कागज छूकर देखें। कागज भीग गया या सूखा है?

**आओ इस बात को एक और दूसरे प्रयोग से समझें।**

पानी से भरी एक बाल्टी में खाली गिलास को उल्टा डुबाओ। इस बात का ध्यान रखना कि गिलास सीधा न हो जाए। अब पानी के अन्दर गिलास को धीरे–धीरे सीधा करो। क्या हुआ?

1. गिलास से क्या निकलते दिखाई दे रहे हैं ?
2. खाली गिलास से किसके बुलबुले निकल रहे थे?

हवा सभी जगहों पर रहती है। जो चीजें हमें खाली दिखाई देती हैं, सही मायनों में वे खाली नहीं हैं। उनमें भी हवा होती है।



पहला गिलास दूसरा गिलास तीसरा गिलास

उक्त तीनों गिलासों के अवलोकन के आधार पर नीचे दी गई तालिका को भरो।

| क्र. | गिलास | कैसा है |
|---|---|---|
| 1. | पहला गिलास | |
| 2. | दूसरा गिलास | |
| 3. | तीसरा गिलास | |

कुछ वस्तुओं जैसे मिट्टी, चॉक आदि के अन्दर भी हवा होती है। आओ इसका पता लगाएँ–

पानी से भरे गिलास में चाक के एक टुकड़े को डालो। चाक से क्या निकलता दिखाई दे रहा है ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



जब पानी में चाक डाला जाता है तो चाक के अन्दर की हवा बुलबुले के रूप में बाहर निकलती है। अब इस प्रयोग को तुम मिट्टी के ढेले एवं ईंट से दोहराओ।



चित्रों को देखकर बताओ हवा क्या काम आ रही है?





1. ——————————————— 2. ———————————————

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com





3. ____________________



4. ____________________

इसके अलावा हवा के कोई और उपयोग सोचकर लिखो–

1. ____________________________________________
2. ____________________________________________
3. ____________________________________________
4. ____________________________________________
5. ____________________________________________
6. ____________________________________________
7. ____________________________________________
8. ____________________________________________
9. ____________________________________________
10. ____________________________________________

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## कागज़ की फिरकी

1. फिरकी बनाने के लिए एक चौकोर कागज़ लो। आमने–सामने के दोनों कोनों को मिलाकर मोड़ो और निशान बनाओ। अब कागज़ खोल लो।



2. प्रत्येक कोने से कागज़ के बीच के बिन्दु से लगभग दो अंगुल पहले तक एक काट लगाओ।



3. काट लगाने के बाद कुल आठ कोने बन जाएँगे। एक कोना छोड़ते हुए कागज़ के एक कोने को पकड़ो और कागज़ के बीचों बीच टिकाओ।



4. इन कोनों को कागज के बीचों–बीच टिकाए रखने के लिए, इनके ऊपर एवं नीचे मोटे कागज़ का टुकड़ा लगाकर बीचों–बीच आलपिन घुसा दो।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



5. आलपिन के नुकीले सिरे को सरकण्डे के सिरे में घुसाकर फिरकी को हवा के विपरीत दिशा में पकड़ो। देखो क्या फिरकी घूमने लगी?



## हमने क्या सीखा ?

### मौखिक

1. साँस में हम क्या लेते हैं?
2. हमें हवा का पता कैसे चलता है?
3. गुब्बारे में क्या भरी जाती है ?

### लिखित

1. यदि हवा न हो तो क्या होगा ?
2. यह कैसे जानोगे कि खाली बर्तन में हवा है?
3. खाली स्थानों को नीचे दिए गए शब्दों से भरो : –

**देख, सीटी, हवा**

1. मनुष्य सांस में ———————— लेते हैं।
2. ———————— बजाने में हवा का उपयोग होता है।
3. हवा को हम नहीं ———————— सकते।

DU6EQ3

## खोजो आस–पास

उन खिलौनों या वस्तुओं की सूची बनाओ जो हवा की सहायता से बजते या चलते हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

DUFARQ

# 11

# पानी



ऊपर दिए गए चित्र को देखो और बताओ कि–

पानी में कौन–कौन से जीव–जन्तु दिखाई दे रहे हैं?

1. ________________ 4. ________________
2. ________________ 5. ________________
3. ________________ 6. ________________

कौन–कौन से जीव–जन्तु पानी के बाहर दिखाई दे रहे हैं?

1. ________________ 3. ________________
2. ________________ 4. ________________

क्या ये सभी पानी के बिना जीवित रह सकते हैं?

________________________________________________

कुछ जीव–जन्तु पानी के अन्दर रहते हैं और कुछ बाहर। सभी जीव–जन्तु एवं पेड़–पौधों के लिए पानी जरूरी है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



तुम्हारे घर में पानी कहाँ से आता है?

_______________________________________________

_______________________________________________

_______________________________________________

पानी का उपयोग पीने के अलावा और कई कामों के लिए होता है। उनकी सूची बनाओ और कहां से पानी मिलता है उनके भी नाम लिखो ।

| | कामों के नाम | पानी कहाँ से मिलता है |
|---|---|---|
| 1. | ________________ | ________________ |
| 2. | ________________ | ________________ |
| 3. | ________________ | ________________ |
| 4. | ________________ | ________________ |
| 5. | ________________ | ________________ |

## हमने क्या सीखा ?

### मौखिक

1. मनुष्य के अलावा पानी किस–किस के उपयोग में आता है?
2. यदि हमें पानी न मिले तो क्या होगा?
3. रसोई घर में पानी का क्या–क्या उपयोग है?

### लिखित

1. पानी के कोई दो उपयोग लिखो।
2. अपने गांव/शहर के पानी के स्त्रोतों के नाम लिखो।
3. पीने के पानी का बर्तन कैसा होना चाहिए ?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## खाली स्थान भरो :

1. पीने का पानी हमेशा ________________ रखना चाहिये। (ढककर, खुला)
2. ________________ पीने के पानी का स्रोत है। (तालाब, नल)
3. किसान खेतों की सिंचाई ____________ से करता है। (ट्यूब वेल, हैंडपंप)

## खोजो आस–पास

1. समूह बनाकर पानी के उपयोग से संबंधित कामों जैसे कुएं, तालाब अथवा नल से पानी भरना, कपड़े धोना और नहाना आदि का मूक अभिनय करो।
2. पता करो कि तुम्हारे यहाँ पानी के स्रोतों के आसपास किस–किस प्रकार की गंदगी है? इसे दूर करने के लिए क्या उपाय करेंगे?
3. पानी का खर्च कम करने के लिए हम क्या–क्या कर सकते हैं?

DUP6TD

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# 12

# चलो सूरज, धरती और चांद देखें

दोपहर में सूरज हमारे सिर के ऊपर दिखता है। वह सुबह हमें आकाश में नीचे की ओर दिखता है। इसी तरह शाम को भी वह दूसरी ओर नीचे की तरफ दिखाई देता है।





कुछ दिन तक सुबह, दोपहर और शाम को सूरज को देखो। पता करो कि सुबह–सुबह सूरज तुम्हारे घर के किस ओर होता है? क्या वह तुम्हारे घर के पीछे होता है? क्या वह तुम्हारे घर के सामने होता है? क्या घर के दायीं ओर होता है? अथवा घर के बायीं ओर होता है? सात दिन तक इस बात को देखकर नीचे दी गई तालिका को भरो।

**सुबह का समय**

| दिन | घर के सामने | घर के पीछे | घर के दाईं ओर | घर के बाईं ओर |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



क्या तुमको हर दिन सुबह सूरज तुम्हारे घर के एक ही तरफ दिखा? या वह कभी तुम्हारे घर के दायीं ओर व कभी बायीं ओर दिखा?

————————————————————————————————————————

ऐसे ही शाम के समय तुम्हारे घर के किस ओर सूरज दिखा? इसे नीचे दी गई तालिका में भरो –

**शाम का समय**

| दिन | घर के सामने | घर के पीछे | घर के दायीं ओर | घर के बायीं ओर |
|---|---|---|---|---|
| पहला | | | | |
| दूसरा | | | | |
| तीसरा | | | | |
| चौथा | | | | |
| पाँचवा | | | | |
| छठवाँ | | | | |
| सातवाँ | | | | |

हर शाम को क्या सूरज तुम्हारे घर के एक ही तरफ दिखा? या वह कभी दायीं ओर व कभी बायीं ओर दिखा?

हम हर दिन सूरज को पूर्व दिशा की ओर से निकलता हुआ और पश्चिम दिशा की तरफ छिपता हुआ देखते हैं। हमें ऐसा लगता है कि मानो सूरज पूरब से चला हो और शाम तक पश्चिम में पहुँच कर डूब गया हो।

अक्सर सब कहते हैं "सूरज से ही जीवन है" क्या तुम बता सकते हो ऐसा क्यों कहते हैं? पता करो, आपस में चर्चा करो और लिखो कि सूरज हमारे जीवन के लिए कैसे जरूरी है?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



हमारे आस–पास जो पेड़–पौधे हैं, जानवर हैं, पक्षी हैं और भी जो कुछ है, वे सूरज के बिना जिंदा नहीं रह सकते। इसीलिए हम सबके जीवन में सूर्य का बहुत महत्व है।



सूरज से हमें क्या–क्या मिलता है?

———————————————————————————

———————————————————————————

———————————————————————————

## चाँद की बातें

रात को आकाश में चन्द्रमा चमकता है। सभी को इसकी चमक व सुन्दरता अच्छी लगती है। पूरा चन्द्रमा मन को बहुत भाता है। बच्चों की कविताओं और लोरियों में यह खूब आता है। तुमने चन्द्रमा को कई बार देखा होगा। क्या इसका आकार हमेशा तुम्हें एक जैसा दिखता है?

———————————

———————————

———————————

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## यह भी करो

सात दिन तक रात के समय आकाश में चन्द्रमा को देखो जिस दिन चन्द्रमा का तुम्हें जैसा आकार नजर आए वैसा ही आकार नीचे दी गई तालिका में बनाओ।

| दिनों की संख्या | चन्द्रमा का आकार |
|---|---|
| पहला | |
| दूसरा | |
| तीसरा | |
| चौथा | |
| पाँचवा | |
| छठवाँ | |
| सातवाँ | |

चन्द्रमा के इन बदलते आकारों पर शिक्षक से चर्चा करो।

## सूरज, चन्द्रमा व पृथ्वी (धरती) का आकार

असल में तो सूरज चन्द्रमा से बहुत ही बड़ा है। जैसे सूरज फुटबाल है तो चन्द्रमा सरसों का एक दाना। दूसरी बात यह है कि ये दोनों लगभग गेंद की ही तरह गोल हैं। जब हम इन्हें आकाश में देखते हैं तो हम इनका केवल सामने वाला हिस्सा ही देख पाते हैं।

क्या तुमने कभी सोचा है कि हमारी पृथ्वी की आकृति कैसी है? क्या वह एक बड़ा सा मैदान है, जिस पर सब कुछ है?

हमें ऐसा लगता है कि पृथ्वी जैसे एक बहुत ही बड़ा मैदान है, ऐसा मैदान जिसका कोई छोर नहीं है। इसी पर नदियां हैं, तालाब हैं, पहाड़ हैं और समुद्र। पर क्या यह सही है? अगर यह एक बड़ा मैदान है, तो फिर इसका किनारा भी अवश्य होगा। जहाँ यह मैदान

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



खत्म होगा, वहाँ पर पृथ्वी का सिरा होगा। बहुत पहले लोग यही मानते थे। क्या तुम भी ऐसा मानते हो? पृथ्वी के किनारे के बारे में कई कहानियाँ भी हैं। फिर धीरे–धीरे यह समझ में आया कि पृथ्वी भी गोल है। यह कैसे पता चला, यह एक अलग कहानी है। अब तो हमारे पास अंतरिक्ष से खींचे गए चित्र भी हैं, जो दिखाते हैं कि पृथ्वी गोल है।



पृथ्वी गोल है और बहुत बड़ी है। इसलिए हम पृथ्वी की गोलाई को पृथ्वी पर रहकर नहीं देख पाते। कुछ बातें पृथ्वी के गोल होने के बारे में कही जा सकती हैं वे हैं – पृथ्वी पर अगर कोई एक जगह से बिना रूके सीधा नाक की सीध में चलता रहे तो शुरू में जहां से चला था वापस वहीं पर पहुँच जाएगा। यह इतना आसान नहीं है। सीधा चलने में न जाने कहां समुद्र हो, पहाड़ हो या खाई हो। पर अगर कोई कर सके तो ऐसा ही होगा।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



उदाहरण के लिए जैसे एक चींटी को एक लटकी हुई गेंद पर छोड़ा जाय और वह अगर एक सीध में चलती रहे तो वह उसी जगह पहुंचेगी जहाँ से उसने चलना शुरू किया था। संभव हो तो कक्षा में यह करके देखो।

## हमने क्या सीखा

### मौखिक

1. सूर्य डूबने के समय उसका आकार और रंग कैसा दिखाई देता है?
2. किस दिन चन्द्रमा पूरा दिखाई देता है?

### लिखित

1. सूरज हमें छोटा क्यों दिखाई देता है?
2. पृथ्वी की आकृति कैसी है?

### रिक्त स्थान भरो

1. सूरज से हमें ———————— और ———————— मिलती है।
2. हमें ———————— का आकार हमेशा एक जैसा नहीं दिखाई देता है।
3. पृथ्वी ———————— से छोटी है लेकिन वह ———————— से बड़ी है।
4. सूर्य हमें ———————— दिशा में उगता हुआ और ———————— दिशा में डूबता हुआ दिखाई देता है।

## खोजो आस–पास

अपनी कॉपी में नदी, पहाड़ और उगता हुआ सूरज का चित्र बनाओ और उसमें रंग भरो।

DV7XHN

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**13**

# घर कैसे कैसे?

जब हम किसी गाँव या शहर में जाते हैं तो हमें अलग–अलग तरह के घर दिखाई देते हैं। कुछ घर छोटे होते हैं तो कुछ बड़े। कुछ बहुत ऊँचे होते हैं तो कुछ कम ऊँचे। कुछ पक्के बने होते हैं तो कुछ कच्चे। तुम्हारे गाँव या शहर में भी कई तरह के घर होंगे? पता करो कि तुम्हारे गाँव में कैसे–कैसे घर हैं?

1. ______________ 2. ______________

3. ______________ 4. ______________





क्या कभी तुमने सोचा है कि यदि घर नहीं होता तो हमें क्या परेशानियाँ होती? लिखो ।

1. ______________________________________________

2. ______________________________________________

3. ______________________________________________

4 ______________________________________________

5 ______________________________________________

अब अपने घर के बारे में बताओ –

1. तुम्हारे घर में कितने कमरे हैं?

______________________________________________

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



2. दीवारें किससे बनी हैं?

______________________________________________

3. छत किससे बनी है?

______________________________________________

4. घर की दीवारों का रंग कैसा है?

______________________________________________

अपने घर से अलग तरह का एक घर ढूँढ़कर उसके बारे में लिखो कि उसमें कितने कमरे हैं ? उसकी दीवारें किसकी बनी हैं? छत किसकी बनी है, फर्श किसका बना है ?

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

## पता करो और लिखो

अपने घर में दादा–दादी या उनके उम्र के किसी बड़े व्यक्ति से पता करो कि जब वे छोटे थे तब –

वे कहाँ रहते थे?

उनका घर किन–किन चीजों से बना था?

उनके घर में खाना कहाँ बनता था?

क्या उनके घर में टायलेट था?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## हमने क्या सीखा

### मौखिक

1. पक्का घर बनाने में काम आने वाली चार चीजों के नाम बताओ?
2. कच्चे घरों में छत किसकी बनी होती है?

### लिखित

1. मुख्य रूप से घर कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखो।
2. घर हमें किन कठिनाइयों से बचाता है?
3. कई तरह के घरों के चित्र इकट्ठे करो या उनके चित्र बनाओ। चित्रों से एक सुन्दर चार्ट बनाओ। चित्र देखकर मिलान करो कि किस तरह के घर हैं और किसके बने हैं ?

## खोजो आस–पास

अपने घर के बुजुर्गों से पता करो जब वे बच्चे थे तब किस तरह के घरों में रहते थे और वे किसके बने होते थे?

अलग–अलग जीव–जंतुओं/पशु–पक्षियों के घरों को क्या कहते हैं तथा ये कैसे होते है जानकारी इकट्ठी करो।

DVQPZY

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

DVZL2L

**14**

# कपड़े तरह–तरह के

दीपावली के त्यौहार पर राजू के घर से दर्जी की दुकान पर कपड़े सिलने के लिए दिए गए। छोटेलाल दर्जी के यहाँ तरह–तरह के कपड़ों को सिलवाने की होड़ लगी थी– बच्चों के कपड़े, बड़ों के कपड़े, दादाजी के कपड़े। छोटेलाल दर्जी को बिल्कुल भी फुर्सत नहीं थी। उसकी दुकान में तरह–तरह से तैयार किए गए कपड़े टंगे हुए थे।



तुम्हारे परिवार के सभी लोगों ने अपने लिए किस तरह के कपड़े सिलवाए होंगे।

| | | |
|---|---|---|
| तुम्हारे भाई ने | 1. ____________ | 2. ____________ |
| तुम्हारी बहन ने | 1. ____________ | 2. ____________ |
| तुम्हारी माँ ने | 1. ____________ | 2. ____________ |
| तुम्हारे पिता जी ने | 1. ____________ | 2. ____________ |
| तुम्हारे दादा जी ने | 1. ____________ | 2. ____________ |
| तुम्हारी दादी जी ने | 1. ____________ | 2. ____________ |

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



कपड़े हमें ठंड, गर्मी, बरसात तथा धूल से बचाते हैं। ये हमारे शरीर को ढकते भी हैं और सुंदर भी दिखाते हैं।



क्या तुम बता सकते हो कि इस तरह के (सूती) कपड़े कब पहनते हैं?

________________________

सूती कपड़े हमारे शरीर को ठंडा रखते हैं और हमारे पसीने को सोख लेते हैं।



अब बताओ कि ऊन से बने कपड़े हम क्यों पहनते हैं?

________________________



बरसाती और छाते का उपयोग हम क्यों करते हैं?

____________________

विशेष अवसरों पर हम रंग–बिरंगे कपड़े पहनते हैं।

हम जिन कपड़ों का उपयोग करते हैं वे कपास, रेशम और ऊन आदि से बनते हैं। ऊन हमें भेड़ों से मिलता है तथा रेशम हमें रेशम के कीड़ों से मिलता है। कपड़ों को हमेशा सुरक्षित जगह पर रखना चाहिए, नहीं तो चूहे या कीड़े उन्हें खराब कर देते हैं।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



## हमने क्या सीखा

### मौखिक

1 शाला में तुम कैसी पौशाक पहन कर आते हो?

2. घर में तुम अपने कपड़े कहाँ रखते हो?

### लिखित

1. डिब्बे में 'हाँ' या 'नहीं' लिखो।

    1. गर्मियों में हम सूती कपड़े पहनते हैं।
    2. सूती कपड़े हमारे शरीर को गरम रखते हैं।
    3. बारिश के मौसम में हम छाते का उपयोग करते हैं।
    4. विभिन्न मौसम में लोग विभिन्न प्रकार के कपड़े पहनते हैं।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो – (भेड़, रंगों, कपड़े)

    1. धूप, ठंड और बरसात से बचने के लिए हम ———————— पहनते हैं।
    2. ऊनी कपड़ों के लिए ऊन हमें ———————— से प्राप्त होता है।
    3. कपड़ों को आकर्षक बनाने के लिए हम ———————— का उपयोग करते हैं।

3. अलग–अलग प्रकार के कपड़ों के नाम लिखो।
4. अपने घर में कपड़े से बनी चीजों के नाम लिखो।

DH9H49

## खोजो आस–पास

1. कपड़े को रंगने के लिए क्या करते हैं? पता करो।
2. अलग–अलग वेशभूषा पहने व्यक्तियों के चित्रों को एकत्र कर अपनी कॉपी में चिपकाओ।
3. कागज को काटकर पायजामा, बनियान, स्कर्ट व कमीज (शर्ट) की आकृतियाँ बनाओ। इस कार्य में बड़ों की मदद लो।
4. अपने घर के बुजुर्गों (दादा–दादी आदि) से पूछकर पता करें कि वे बच्चे थे तब किस–किस तरह के कपड़े – पोशाक पहनते थे?

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# 15

# सफाई

E345K5

जंगल में आज बहुत चहल–पहल थी। जंगल के सभी जानवरों की सभा रखी गई थी। बरगद के नीचे हाथी, शेर, भेड़िया, लोमड़ी, सियार, भालू, बन्दर, हिरण, खरगोश, अजगर आदि सभी आ चुके थे। सबकी सहमति से हाथी को सभापति चुना गया। सभा शुरू हुई, सबने अपनी परेशानियाँ बताईं और मिलकर उनका हल ढूँढ़ा।

